<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>


39वीं वार्षिक आम बैठक : सीएमडी ने इरेडा की विकास यात्रा और भावी रणनीति को किया रेखांकित, पहली ईएसजी रिपोर्ट का विमोचन




नई दिल्ली, 29 सितंबर 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली स्थित, कॉर्पोरेट कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 39वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार महान्ती ने बैठक की अध्यक्षता की।

हितधारकों को संबोधित करते हुए डॉ. महान्ती ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। ऋण पुस्तिका ₹93,069 करोड़ तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 22 से 29% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) बनाए हुए है। इसमें वित्त वर्ष 26 में ₹51,883 करोड़ की ऋण स्वीकृतियों तथा ₹34,946 करोड़ के ऋण संवितरण का योगदान। कर पश्चात लाभ तथा कुल आय में वित्त वर्ष 22 से लगभग 31% की सीएजीआर की दर से वृद्धि दर्ज की गई, जबकि निवल मूल्य बढ़कर ₹13,781 करोड़ हो गई तथा सीआरएआर 20.59% रहा।





भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि इरेडा बैटरी ऊर्जा भंडारण, पंप्ड स्टोरेज, ग्रीन हाइड्रोजन तथा स्मार्ट मीटर। जैसे उभरते क्षेत्रों में वित्तपोषण का विस्तार करेगी। कंपनी गिफ्ट सिटी स्थित अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से वैश्विक वित्तपोषण का भी विस्तार करेगी तथा डिजिटलीकरण एवं प्रक्रियाओं के सरलीकरण के माध्यम से उधारकर्ताओं के लिए व्यवसाय करने में सुगमता को बढ़ाएगी।

सीएमडी, डॉ. महान्ती ने इरेडा के निदेशक मंडल के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इरेडा की पहली ईएसजी रिपोर्ट भी जारी की। यह रिपोर्ट इरेडा के परिचालनों में स्थिरता एवं जिम्मेदार व्यावसायिक प्रथाओं को

शामिल करने के प्रयासों के साथ-साथ भारत की नेट जीरो लक्ष्य एवं एनडीसी प्रतिबद्धताओं को आगे बढ़ाने में उसकी भूमिका को प्रदर्शित करती है। इसे सभी हितधारकों को समर्पित करते हुए डॉ. महान्ती ने कहा कि यह रिपोर्ट पर्यावरण, सामाजिक एवं सुशासन के आयामों में इरेडा के प्रदर्शन को दर्शाती है, जो जिम्मेदार विकास एवं पारदर्शी सुशासन पर उसकी प्रतिबद्धत्ता को रेखांकित करती है।

डॉ. महान्ती ने वार्षिक आम बैठक के दौरान शेयरधारकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया।